दीवानो की ये टोली तेरे दर पे आ गई है

दीवानो की ये टोली तेरे दर पे आ गई है,
साई तुम्हारी सूरत हर दिल को भा गई है,
दीवानो की ये टोली तेरे दर पे आ गई है,

हर लब पे तेरे निगमे हर दिल में तू ही तू है,
आता नहीं नजर पर हर शेह पर तू ही तू है,
तेरी ज्योत शिरडी वाले हर दिल में शा गई है,
दीवानो की ये टोली तेरे दर पे आ गई है,

बिन मनागे झोली भरता फिर मांगू भला मैं क्या,
जिसे तुम मिले हो बाबा उसे चाहिए भला क्या,
तेरी दया से मंजिल खुद पास आ गई है,
दीवानो की ये टोली तेरे दर पे आ गई है,

हो काम कोई कैसा भी तेरे नाम से ही होता,
तेरी दया से बाबा काँटा भी फूल होता,
मुर्दे में जान बाबा तेरे दर पे आ गई है,
दीवानो की ये टोली तेरे दर पे आ गई है,

तेरी दया के नग्मे भक्तो ने गुण गुनाये,
मांगी मुराद पाता जो तेरे दर पे आये,
चिंता मणि की श्रदा अब तुझको पा गई है,
दीवानो की ये टोली तेरे दर पे आ गई है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11153/title/diwano-ki-ye-toli-tere-dar-pe-aa-gai-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |